22/05/2025

आकाशवाणी ईटानगर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के लिए भारतीय सशस्त्र बलों की सराहना की और कहा कि उनके पराक्रम ने पाकिस्तान को घुटने टेकने पर मजबूर कर दिया। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि पाकिस्तान को भारत में हर आतंकवादी हमले की कीमत चुकानी पड़ेगी। श्री मोदी आज राजस्थान में बीकानेर के पास पलाना में 26 हजार करोड़ रुपये से अधिक की विभिन्न विकास परियोजनाओं की आधारशिला रखने और उद्घाटन करने के बाद समारोह को संबोधित कर रहे थे। श्री मोदी ने कहा कि पाकिस्तान आजादी के बाद से लगातार आतंकवाद फैलाता रहा है, लेकिन अब ऐसी घटनाओं की कीमत पाकिस्तान की सेना और उसकी अर्थव्यवस्था को चुकानी पड़ेगी।

**Byte PM Modi (22nd minute)**

0000000000000000000000000

विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने आज कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान गोलीबारी और सैन्य कार्रवाई बंद करने के बारे में भारत और पाकिस्तान के बीच सीधे बातचीत हुई थी। नीदरलैंड स्थित एक प्रसारक को दिए साक्षात्कार में डॉ. जयशंकर ने कहा कि अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने उनसे बात की, जबकि अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से बात की। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि दो देशों के बीच संघर्ष के दौरान देशों का एक-दूसरे को फोन करना स्वाभाविक है।

00000000000000000000000

शिक्षा मंत्री पी.डी. सोना ने राज्य में सीयूईटी परीक्षा केंद्रों की सीमित संख्या के बारे में केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को एक पत्र लिखा है, जिसमे दूरदराज के जिलों के छात्रों द्वारा उनके मार्ग में आने वाली चुनौतियों को पेश किया गया है। केंद्रीय मंत्री को संबोधित पत्र में, शिक्षा मंत्री ने इस बात पर प्रकाश डाला कि ईटानगर और उसके आसपास के केवल चार केंद्रों पर ही सीयूईटी आयोजित किया जाता है जहां बच्चों की काफ़ी सीमित संख्या ही परिक्षा में बैठ पाते है, जिससे दूर-दराज के क्षेत्रों के छात्रों के लिए कई बाधाएँ पैदा होती हैं। इस बीच, शिक्षा मंत्री ने शिक्षा मंत्रालय से राज्य में सभी उम्मीदवारों के लिए बेहतर पहुँच और समान अवसर सुनिश्चित करने के लिए पासीघाट, बोमडिला, तेजू और आलो में भी कम से कम चार अतिरिक्त केंद्र स्थापित करने पर विचार करने का अनुरोध किया है।

00000000000000000000000

भारतीय पर्वतारोहण में एक ऐतिहासिक उपलब्धि के तहत, दिरांग स्थित निमास की एक टीम ने गत रविवार को कंचनजंगा पर्वत पर सफलतापूर्वक चढ़ाई की। प्रसिद्ध पर्वतारोही कर्नल रणवीर सिंह जामवाल के नेतृत्व में अभियान ने **'हर शिखर तिरंगा'** अभियान को चिह्नित किया। यह अभियान देश के 28 राज्यों में सबसे ऊंची चोटी पर भारतीय राष्ट्रीय ध्वज फहराने का एक देशभक्तिपूर्ण मिशन है। इस मिशन की सफलता साहसिक नेतृत्व और राष्ट्रीय सेवा में निमास की बढ़ती विरासत को रेखांकित करती है। अभियान का उद्देश्य साहसिक कार्यों के माध्यम से एकता और राष्ट्रीय गौरव को प्रस्तुत भी करना था।

0000000000000000000000000

ईटानगर मौसम विभाग ने आज राज्य के **13** जिलों, ईस्ट कामेंग, वेस्ट कामेंग, पापुम पारे, अपर सुबनसिरी, लोअर सुबनसिरी, कामले, क्रा-दादी, शी-योमी, सियांग, ईस्ट सियंग, वेस्ट सियांग, दिबांग वैली और लोंगडिंग के लिए येलो अलर्ट जारी किया है। विभाग के अनुसार इन जिलों में अगले 24 घंटो में अलग अलग स्थानों पर ग़रज के साथ बिजली गिरने की संभवना है।

0000000000000000000000000

स्वतंत्र, निष्पक्ष और समावेशी चुनाव कराने की अपनी प्रतिबद्धता को ध्यान में रखते हुए, भारत के चुनाव आयोग ने चुनाव प्रक्रिया के विभिन्न पहलुओं को मजबूत करने के लिए पिछले तीन महीनों में 18 प्रमुख पहल शुरू की हैं। इन ये पहल चुनाव प्रक्रिया में पारदर्शिता, समावेशिता और प्रभावशीलता बढ़ाने के लिए आयोग की प्रतिबद्धता को दर्शाती हैं। इस बीच, अरुणाचल प्रदेश के मुख्य चुनाव अधिकारी ने सभी व्यक्तियों, राजनीतिक दलों और हितधारकों से लोकतंत्र के सार को बनाए रखने के लिए इन सुधारों में सक्रिय रूप से भाग लेने और इनका समर्थन करने का आग्रह किया है।

0000000000000000000000000

पूर्वोत्तर क्षेत्र को अवसरों की भूमि के रूप में बदलने, वैश्विक एवं घरेलू निवेश को आकर्षित करने तथा प्रमुख हितधारकों, निवेशकों और नीति निर्माताओं को एक मंच प्रदान करने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल नई दिल्ली के भारत मंडपम में दो दिवसीय उभरते पूर्वोत्तर निवेशक शिखर सम्मेलन का उद्‌घाटन करेंगे।

निवेश प्रोत्साहन के मुख्य फोकस क्षेत्रों में पर्यटन और आतिथ्य, कृषि-खाद्य प्रसंस्करण और संबद्ध क्षेत्र; कपड़ा, हथकरघा और हस्तशिल्प, स्वास्थ्य सेवा, शिक्षा और कौशल विकास, सूचना प्रौद्योगिकी या सूचना प्रौद्योगिकी समर्थित सेवाएँ, बुनियादी ढाँचा और लॉजिस्टिक, ऊर्जा और मनोरंजन और खेलों को  शामिल किया गया हैं।

0000000000000000000000

जेडी (यू) सांसद संजय कुमार झा की अध्यक्षता में एक बहुदलीय प्रतिनिधिमंडल ने आज टोक्यो में प्रमुख जापानी थिंक टैंकों के साथ बातचीत की और उन्हें आतंकवाद के खिलाफ भारत की ज़ीरे टॉलरेंस के बारे में जानकारी दी। पांच देशों की अपनी यात्रा के पहले चरण में टोक्यो पहुंचे प्रतिनिधिमंडल ने राज्य समर्थित आतंकवाद सहित क्षेत्रीय सुरक्षा चुनौतियों पर चर्चा की। इस बीच, आज सुबह एक भारतीय सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल संयुक्त अरब अमीरात पहुंचा, जो ऑपरेशन सिंदूर के तहत नई दिल्ली की कूटनीतिक पहुंच में एक महत्वपूर्ण कदम है।

0000000000000000000000